Regarding railway services in Bundelkhand region

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): माननीय सभापति जी, गरीबों एवं वंचितों को समर्पित माननीय मोदी जी की सरकार का एकमात्र लक्ष्य ?गरीब कल्याण और लोक कल्याण? है ।

मैं बुन्देलखण्ड क्षेत्र से आता हूं । यह क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है और गरीबी की मार झेल रहा है । यह क्षेत्र केवल कृषि पर आधारित है और जब कृषि साथ छोड़ जाती है तो लोगों को मजदूरी के लिए पलायन करना पड़ता है । हमारे यहां सिंचाई के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने देश के पहले नदी जोड़ो प्रोजेक्ट में केन-बेतवा नदियों को जोड़ने का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है । हमारे क्षेत्र को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे मिला है, इससे यहां इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट हो रहा है और यहां चहुमुखी विकास भी हो रहा है ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि वर्ष 2016 में रेल बजट में पिंक बुक में हमारे यहां से महोबा, चरखारी, राठ, उरई, भिंड रेलवे लाइन जोड़ दी गई थी । इस रेल लाइन की लोगों की नितांत आवश्यकता है क्योंकि लोगों को बाहर जाना पड़ता है । मेरा निवेदन है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में इस कार्य को पूर्ण कराया जाए ।

अंत में, मैं एक बात कहना चाहता हूं । माननीय प्रधान मंत्री जी की मंशा लोक कल्याण है, बुन्देलखण्ड की बहुत लंबे समय से पृथक प्रांत की मांग चल रही है । इसके पीछे यहां लोगों का उद्देश्य है कि चहुंमुखी विकास हो सके इसलिए बुन्देलखण्ड को राज्य बनाया जाए । धन्यवाद ।